कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.04.2022

गर्ल्स कॉलेज में कैम्पस इंटरव्यू

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्लेसमेन्ट सेल के तत्वाधान में पात्रा कंपनी लिमिटेड द्वारा ''एक्जीक्यूटिव ट्रेनिस'' के लिए कैम्पस चयन का आयोजन किया गया। विशेषत: छात्राओं के लिए इस कैम्पस इंटरव्यू में पात्रा कंपनी की ओर से मैनेजर विकास नाथ त्रिपाठी की टीम ने सारी प्रक्रियाएँ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई।

प्लेसमेन्ट सेल की प्रभारी डॉ. निसरीन हुसैन ने बताया कि पात्रा कंपनी लिमिटेड की भारत एवं विदेशों में शाखाएँ है। प्रदेश में रायपुर तथा शीघ्र भिलाई में प्रस्तावित शाखा के लिए साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जा रहा है। स्नातक उत्तीर्ण एवं पीजी की छात्रायें इसमें शामिल हुई। कुल 80 छात्राओं ने साक्षात्कार दिया।

पात्रा कंपनी के एच.आर. विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों की कम्प्यूटर दक्षता की भी परीक्षा ली। कैम्पस इन्टरव्यू में छात्राओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। कंपनी द्वारा अंतिम रूप से चयनित प्रतिभागियों को सूचना शीघ्र दे दी जायेगी।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)